**SET-1**

**Series JMS/4**

कोड नं.
Code No. **4/4/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

***निर्देश :*** *(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए अनिवार्य है । अज्ञान के अंधकार में जीना तो मृत्यु से भी अधिक कष्टकर है । ज्ञान के प्रकाश से ही जीवन के रहस्य खुलते हैं और हमें अपनी पहचान मिलती है । शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है । संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो । हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं । शिक्षित व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का क्योंकि उत्तरदायित्व निभाने और कर्तव्य करने के बाद ही हम अधिकार पाने के अधिकारी बनते हैं ।

(क) अज्ञान में जीवित रहना मृत्यु से अधिक कष्टकर है, ऐसा क्यों कहा गया है ? *2*

(ख) शिक्षा के किन्हीं दो लाभों को समझाइए । *2*

(ग) अधिकारों और कर्तव्यों का पारस्परिक संबंध समझाइए । *2*

(घ) शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए क्यों आवश्यक है ? *2*

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

लक्ष्मण-रेखा के दास तटों तक जाकर ही फिर जाते हैं,
वर्जित समुद्र में नाव लिए स्वाधीन वीर ही जाते हैं ।
आज़ादी है अधिकार खोज की नई राह पर पाने का,
आज़ादी है अधिकार नए द्वीपों का पता लगाने का ।
रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिसका श्रम है,
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का ।

(क) 'लक्ष्मण रेखा' का तात्पर्य कविता में क्या है ? उसके दास क्या नहीं कर पाते ?
(ख) स्वतंत्रता हमें क्या-क्या अधिकार देती है ?
(ग) स्वतंत्रता का 'सुसिद्ध सीधा क्रम' क्या है ? आशय स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

आओ, हम सब अब हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !
पहले एक साथ चलकर समंदर में
हम अपनी-अपनी जातियाँ धो आएँ,
और तोड़ दें अपने-अपने प्रांतों की सीमाएँ,
जिससे बंगाली, गुजराती, मराठी, मद्रासी आदि
हमारी सारी संज्ञाएँ मिट जाएँ
और हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

हममें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई भी अब कोई न रहे,
हममें हर आदमी अपना धर्म अब बस एक ही कहे
और बस एक ही मंदिर हो हमारा –
यह देश,
चाहो तो उसे मस्जिद कहो, गिरजा या गरुद्वारा,
जिसकी रक्षा में हम जिएँ या मर जाएँ !
आओ, अब हम सब केवल हिंदुस्तानी ही रह जाएँ !

(क) समुद्र में जातियाँ धोकर आने से कवि का क्या आशय है ?
(ख) आशय समझाइए – 'बस एक ही मंदिर हो हमारा'
(ग) हमारी अलग-अलग पहचानें क्या हैं ? उन्हें एक में कैसे समेटा जा सकता है ?

## खण्ड ख

**3.** 'शब्द' और 'पद' में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

शब्द के पद बनने पर क्या परिवर्तन होता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

**4.** नीचे लिखे वाक्यों में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) जब सूर्योदय हुआ तो चिड़ियाँ चहचहाने लगीं । (सरल वाक्य में)

(ख) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में परिवर्तन आया । (मिश्र वाक्य में)

(ग) हम परस्पर सहयोग से रहकर एक-दूसरे का हित करें । (संयुक्त वाक्य में)

(घ) नींव कच्ची होने पर मकान कमजोर रहता है । (मिश्र वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पदों का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

पुराणपुरुष, मदांध, परोपकार

(ख) निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** को समस्त पद में परिवर्तित कर समास का नाम लिखिए : *1×2=2*

(i) चार मुख हैं जिसके

(ii) कमल जैसे चरण

(iii) कन्या का दान

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) यह सुंदर कविता किस छात्र ने लिखा ?

(ख) वह एक फूल की माला बाजार से लाया ।

(ग) अब जो मेट्रो आएगी उसमें आठ डिब्बों होंगे ।

(घ) स्वयं छात्र खुद परिश्रम कर रहा है ।

(ङ) ताजा गाय का दूध स्वास्थ्य के लिए हितकर होता है ।

**7.** ***किन्हीं दो*** रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए : *1×2=2*

(क) वे हर बात में _____________ अड़ाते हैं ।

(ख) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन के ______________ छुड़ा दिए ।

(ग) उसकी लॉटरी क्या खुल गई कि उसके ______________ पड़ रहे ।

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों ? *2*

(ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज ने क्या भूमिका निभाई और कैसे ? *2*

(ग) अरब में लश्कर को नूह के नाम से क्यों याद किया जाता है ? *1*

**अथवा**

भूत, भविष्य और वर्तमान में किसे सत्य माना गया है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**9.** 'टी सेरेमनी' क्या है ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर विस्तार से लिखिए । *5*

**अथवा**

व्यवहारवादी और आदर्शवादी लोगों में क्या अंतर है ? समाज को शाश्वत मूल्य किसने दिए हैं ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने कैसी वाणी बोलने की सलाह दी है ? उसके क्या-क्या लाभ बताए गए हैं ? *2*

(ख) 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए हैं ? *2*

(ग) 'आमंत्रण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ? *1*

**अथवा**

"पर्वत प्रदेश में पावस" में शाल वृक्ष के भयभीत होकर धरती में धँसने की बात क्यों कही गई है ?

**11.** 'तोप' कविता से तोप के बारे में मिलने वाली जानकारी का विवरण देते हुए बताइए कि कंपनी बाग में रखी तोप का अतीत और वर्तमान क्या है । *5*

**अथवा**

'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ।

**12.** 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए कि टोपी और इफ़्फ़न के संबंध धर्म से नहीं, मानवीय संबंधों से निर्धारित थे । *5*

**अथवा**

समाज में रिश्तों का क्या महत्त्व है ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

**खण्ड घ**

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पुस्तक की आत्मकथा
- मै हूँ
- मेरी विशेष बातें
- क्या सोचते हैं लोग मेरे बारे में

(ख) समय का सदुपयोग
- क्यों
- कैसे
- दुरुपयोग के ख़तरे

(ग) प्यारा देश न्यारा देश
- देश के बारे में
- प्यारा क्यों ?
- न्यारा क्यों ?

**14.** अपने क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराधों की रोक-थाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर निवेदन कीजिए । *5*

**अथवा**

'परिवहन विभाग' के प्रबंधक को पत्र लिखकर बसों को निर्धारित समय पर चलाने का आग्रह कीजिए ।

**15.** आप विद्यालय की छात्र कल्याण-परिषद् के सचिव हैं । विद्यालय में होने वाले वार्षिक-उत्सव में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के नाम आमंत्रित करने के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

अपने मोहल्ले की सुधार-समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।

**16.** किसी नई फ़िल्म को देखने के बाद लौटे दो मित्रों के बीच के संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने विद्यालय के नाट्य उत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रतिष्ठित नाटककार को आमंत्रित करने आप उनसे मिलते हैं । आप दोनों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

**17.** आपके पिता अपना पुराना मकान बेचना चाहते हैं । मकान का विवरण देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपने घर का पुराना सोफा-सेट तथा अन्य फर्नीचर बेचना चाहते हैं । उसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।